DRDO द्वारा VSHORADS मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण

स्रोत: पी.आई.बी.

हाल ही में रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली मिसाइल के दो सफल उड़ान परीक्षण किये।

- ये परीक्षण **एकीकृत परीक्षण रेंज, चाँदीपुर में ओडिशा के तट** पर एक ग्राउंड-आधारित पोर्टेबल लॉन्चर से किये गए थे जिसमें विभिन्न अवरोधन परिदृश्यों में उच्च गति वाले मानव रहित हवाई लक्ष्यों को नष्ट करने के लिये लक्षित किया गया था।
- VSHORADS, एक **मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम (MANPAD)**, अन्य DRDO प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योग भागीदारों के सहयोग से **रिसर्च सेंटर इमारत (RCI)** द्वारा विकसित एक स्वदेशी मिसाइल है।
- मिसाइल में लघु **प्रतिक्रिया नियंत्रण प्रणाली** (**Reaction Control System- RCS**) और एकीकृत **एवियोनिक्स** जैसी उन्नत तकनीक शामिल हैं।
- अत्यधिक अनुकूलित डिज़ाइन के कारण आसान पोर्टेबिलिटी सुनिश्चित करते हुए इस मिसाइल को **दोहरी थ्रस्ट सॉलिड मोटर** द्वारा संचालित किया जाता है और इसका उद्देश्य सीमित दूरी से **कम ऊँचाई पर उड़ने वाले हवाई खतरों को बेअसर करना** है।

और पढ़ें: बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/successful-flight-tests-of-vshorads-missile-by-drdo